	BURARI PUBLIC SCHOOL a venture with **U N I Q U E**
	Assignment – ३ (२०२४-२५) **कक्षा- पांचवी** **विषय- हिंदी**

नाम...................................... अनुक्रमांक......................... शिक्षक हस्ताक्षर.......................

आवश्यक निर्देश : कुल अंक -20

- **सभी प्रश्नो को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं ।**

खंड- (क)

प्रश्न-1 दिये गये गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (4)

संसार में सबसे मूल्यावान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहूमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।

(क) समय को सबसे अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है?

(i) इसका एकक्षण भी घटाया-बढ़ाया नहीं जा सकता

(ii) समय व्यक्ति के वश में नहीं है।

(iii) समय ही व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है

(iv) मनुष्य उस समय की गति को नहीं रोक सकता

(ख) विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है-

(i) जीवन को सुखी बनाना

(ii) गुरुओं का आदेश मानना

(iii) व्यक्ति के जीवन में समय का महत्त्व

(iv) शिक्षा प्राप्त करना

(ग) विद्यार्थी जीवन भर क्यों पछताते रहते हैं ?

(i) क्योंकि वे आलसी होते हैं

(ii) जो अपना कीमती समय मौज मस्ती और आलस्य में खो देते हैं।

(iii) जो ज्ञान प्राप्त नहीं करते।

(iv) जो विद्यार्थी माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन नहीं करते

(घ) संमय के संबंध में व्यक्ति का क्या कर्तव्य बताया गया है?

(i) परिश्रम करें

(ii) मन लगाकर पढ़ाई करें

(iii) बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करें

(iv) असफल होने पर निराश न हों, पुनः प्रयास करें

प्रश्न 2. "जल ही जीवन है " दिये गए विषय पर अनुच्छेद लिखिए - (2)

अथवा

अपना सेक्शन (विभाग) बदलने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए |

प्रश्न 3. सही विकल्प के सामने सही का निशान लगाइए | (2)

(क) कवि ने किसे गया-बीता कहा है ?

(i) जो कमजोरों पर अत्याचार करता है | [ ] (ii) जो बड़ी-बड़ी बातें करता है [ ]

(iii) दोनों उत्तर सही है [ ]

(ख) कवि सूरज को 'बड़ा' क्यों मानता है ?

(i) सूरज सबसे शक्तिशाली है [ ] (ii) सूरज में चाँद-तारें से अधिक रोशनी है [ ]

(iii) सूरज अपने प्रकाश से सबको जीवन देता है [ ]

(ग) बात करते समय कैसा उदाहरण देना चाहिए ?

(i) छोटा और सटीक उदाहरण [ ] (ii) अपना उदाहरण [ ]

(iii) दोनों उत्तर सही है [ ]

(घ) बातचीत कब सार्थक होती है ?

(i) जब एक व्यक्ति बोले [ ] (ii) जब दो व्यक्ति बारी-बारी से बोले [ ]

(iii) जब दोनों व्यक्ति एक साथ बोलें [ ]

खंड- (ख)

प्रश्न 4. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द से लिखिए - (2)

(क) अधिक बोलने वाला ....

(ख) कम जानने वाला ....

(ग) जो दूसरों पर उपकार करे ....

(घ) जिसके पास अधिक धन हो ....

प्रश्न 4. दिये गए शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए | **(1)**

(क) अमीर = —-------------------- , —---------------------

(ख) सूरज = —-------------------- , —---------------------

प्रश्न 5. दिये गए शब्दों 'अ' अथवा 'कु' जोड़कर इनके विलोम शब्द बनाइए | **(2)**

(क) विश्वास x .... (ख) प्रकट x ....

(ग) पुत्र **x** .... (घ) रीति **x** ....

प्रश्न 6. सही सर्वनाम शब्द भरो - **(2)**

मैं , स्वयं , यह , कुछ

(क) .... काम मेरा नहीं है **|**

(ख) पानी में .... गिरा है **|**

(ग) .... प्रीतिदिन सैर के लिए जाता हैं **|**

(घ) बेटी के खर्च का बोझ मैं .... उठाऊँगा **|**

प्रश्न 7. दिये गये किन्ही (दो) प्रश्नों के उत्तर दीजिये - **(2)**

(क) कवि ने अमीर व्यक्ति को बड़ा क्यों नही माना ?

(ख) सर्वनाम से आप क्या समझते है ?

(ग) विराम चिन्हो का प्रयोग क्यों किया जाता हैं ?

प्रश्न 8. दिये गये चित्र में आप जो कुछ देख रहे हैं उसका वर्णन अपने शब्दों मे कीजिए - **(3)**